मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 22/07/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 165/2024
22 जुलाई 2024
रेलवे मैदान, राजमहल, साहिबगंज
==========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने राजमहल में आयोजित कार्यक्रम में विकास को गति देने के उद्देश्य से 34 योजनाओं का किया उद्घाटन- शिलान्यास, लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्ति
==========================

◆ मुख्यमंत्री बोले - राज्य की जनता सशक्त होगी तभी हमारा समाज और राज्य आगे बढ़ेगा
================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा- हमारी योजनाएं आपको और आपकी आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए है ===================

◆ मुख्यमंत्री ने कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की जताई प्रतिबद्धता
===================

● श्रावणी मेला के शुभारंभ और पहली सोमवारी की सभी राज्यवासियों को बधाई और शुभकामनाएं

● राज्य को संवारने एवं आगे बढ़ने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा

● जन समस्याओं के समाधान के लिए सभी मिलजुल कर प्रयास करें

- **राज्य की महिलाओं का सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता**

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड

झारखंड राज्य में विकास की असीम संभावनाएं हैं। इस दिशा में हमारी सरकार ने कई आयाम जोड़े हैं तो कई नए आयाम जोड़ने का काम हो रहा है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही है। आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में पूरी मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री आज साहिबगंज जिले के राजमहल में आयोजित योजनाओं के उद्घाटन- शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि राज्य को संवारने एवं आगे बढ़ने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को श्रावणी माह के शुभारंभ एवं पहली सोमवारी की बधाई और शुभकामनाएं दी।

21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को देंगे सम्मान राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है। इसके लिए लाभुकों का आवेदन लेने के लिए बहुत जल्द पूरे राज्य में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हम काम कर रहे हैं।

सिर्फ दिखावे के लिए काम नहीं होना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि काम सिर्फ दिखावे के लिए नहीं होना चाहिए बल्कि इसका लाभ लंबे समय तक लोगों को मिलना चाहिए। हमारी सरकार इसी सोच के साथ योजनाएं बना रही है। हमारी योजनाएं आपको और आपकी आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि जब राज्य की जनता सशक्त होगी तभी हमारा समाज और राज्य आगे बढ़ेगा।

राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में बढ़ रहे हैं आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार जो भी योजनाएं और नीतियां बना रही है उसका लाभ समाज के हर वर्ग और तबके को मिल रहा है। हम आप सभी के सहयोग से इस राज्य को इतना मजबूत बनाएंगे कि हमें किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

समस्याओं के समाधान के लिए सब मिलकर प्रयास करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे राज्य में कई समस्याएं हैं। हम कई चुनौतियों के बीच से गुजर रहे हैं। लेकिन, इन तमाम समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो, इसके लिए लगातार कार्य कर रहे हैं ।उन्होंने लोगों से कहा कि समस्याओं के निजात के लिए मिलजुलकर प्रयास करें।

राजमहल क्षेत्र की एक अलग पहचान है पर कई समस्याओं से भी जूझ रहा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजमहल का क्षेत्र कई मायनो में अलग पहचान रखता है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक क्षेत्र होने के साथ पर्यटन की भी यहां अपार संभावनाएं हैं । यह झारखंड का एकमात्र इलाका है ,जहां से गंगा नदी गुजरती है। यहां विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन लंबे अर्से से होता आ रहा है। यहां के तमाम संसाधनों का उपयोग कोई और कर रहा है जबकि यह क्षेत्र और यहां के लोग आज भी काफी पिछड़े हैं । यह क्षेत्र आज भी कई समस्याओं से ग्रसित है । हमारी सरकार इन समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयत्नशील है । गंगा के कटाव को रोकने का कार्य हो रहा है। आवागमन में सुगमता लाने का प्रयास कर रहे हैं। राजमहल क्षेत्र में एक हवाई पट्टी और रोप- वे बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है, ताकि पर्यटन के लिहाज़ से इसे अलग पहचान दिला सकें।

विभिन्न विकास योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगभग 88 करोड़ 84 लाख की 34 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें करीब 86 करोड 80 लाख रुपए की 31 योजनाओं की आधारशिला एवं तीन योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। वहीं, राजमहल एवं बरहेट में आयोजित कार्यक्रमों में 10 हज़ार 141 लाभुकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके बीच 38 करोड़ 80 लाख रुपए से ज्यादा की परिसंपत्तियां बांटी।

इस कार्यक्रम में राजमहल सांसद श्री विजय कुमार हांसदा, विधायक श्री अनंत ओझा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

###

=========================

TeamPRD(CMO)